EDII

Amar Ujala

July 12, 2022

न्यूज डायरी

कुलपति प्रो. कल्पलता पांडेय और ईडीआईआई डायरेक्टर प्रो. सुनील शुक्ला एमओयू पर हस्ताक्षर करने के बाद सौंपते हुए। संवाद

विश्वविद्यालय सिखाएगा स्टार्टअप शुरू करना

बलिया। जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय और अहमदाबाद की एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया अहमद में अहम समझौता हुआ है। कुलपति प्रो कल्पलता पांडेय ने बताया की एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया उद्यमिता विकास और स्टार्ट अप निर्माण का अग्रणी संस्थान है। इस समझौते से विश्वविद्यालय के छात्रों को स्टार्ट अप शुरू करने में मदद मिलेगी। छात्रों को इसके लिए उचित मार्गदर्शन और सहायता मिलेगी। बलिया विश्वविद्यालय की निदेशक शैक्षणिक डॉ. पुष्पा मिश्रा, उद्यान विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. लाल विजय सिंह और असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अमित कुमार सिंह ने अहमदाबाद में पांच दिनों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। संवाद